अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 12–10–2019 को जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार 10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय स्तर पर राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वावधान में निबन्ध लेखन, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इन प्रतियोगिताओं का विषय लोकतंत्र में मतदान का महत्व, मत मतदाता व मतदान, मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है था। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य लोगों को मत के प्रति प्रेरित करना था व मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है, यह बोध कराना प्रत्येक व्यक्ति के लिए ज़रूरी है तभी वे व्यवस्था व सरकार बदल सकते हैं। विद्यार्थियों ने मतदान को लेकर अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें निर्णायक मंडल की भूमिका में हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द, संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. पूजा सैनी एवं अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता डॉ. इनायत चौधरी रहीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रीतिका नागर बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर आरती बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर मून कुमारी बी.ए. तृतीय वर्ष व भावना बी.कॉम प्रथम वर्ष रहीं।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काजल, ज्योति व आँचल भौतिकी विज्ञान ऑनर्स ने, द्वितीय स्थान आर्ची व रितिका बी.ए. प्रथम वर्ष ने एवं तृतीय स्थान पर छवि, आरती बी.तृतीय वर्ष व मनीषा व अंजलि बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राएँ रहीं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द, वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता डॉ. रेखा सेन एवं राजनीति शास्त्र विभाग की प्रवक्ता श्रीमती ज्योति डागर द्वारा निभाई गई।

निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ज्योति बी.ए. द्वितीय वर्ष व वंशीका भौतिकी विज्ञान ऑनर्स, द्वितीय स्थान पर काजल भौतिकी विज्ञान ऑनर्स व रीतिका बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर प्रगति पाँडे रहीं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द व राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. रितु द्वारा निभाई गई।